भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1785

उत्तर देने की तारीख-11/12/2024

डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत विद्यालयों में इंटरनेट सुविधाएं

1785. **श्री एस. निरंजन रेड्डी:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में कितने सरकारी विद्यालयों में वाई-फाई, ब्रॉडबैंड या अन्य इंटरनेट सुविधाओं सहित इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है, तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार भारतनेट और वाई-फाई चौपाल जैसी परियोजनाओं के माध्यम से सभी सरकारी विद्यालयों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर इंटरनेट सेवाओं का विस्तार करने की योजना बना रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) क्या 'डिजिटल इंडिया' पहल के अंतर्गत देश भर के सरकारी विद्यालयों में इंटरनेट सुलभता प्रदान करने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): यूडाइज़+2021-22 के अनुसार, इंटरनेट कनेक्शन वाले सरकारी स्कूलों का राज्यवार/संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण **अनुलग्नक** में है।
(ख) और (ग): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं।

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार द्वारा इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए, सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को बीएसएनएल के साथ एक समझौता ज्ञापन/अनुबंध करने और कंप्यूटिंग डिवाइस वाले सभी सरकारी स्कूलों को एफटीटीएच इंटरनेट कनेक्शन प्रदान करने के लिए एक सलाह जारी की गई है। राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को सलाह दी गई है कि इंटरनेट शुल्क निम्नलिखित से पूरा किया जा सकता है:-

- समग्र शिक्षा के अंतर्गत स्वीकृत आईसीटी लैब्स/स्मार्ट क्लास रूम के लिए इंटरनेट शुल्क की पूर्ति समग्र शिक्षा के अंतर्गत जारी किए जा रहे आवर्ती शुल्क से की जा सकती है।
- जिन स्कूलों में समग्र शिक्षा के तहत स्मार्ट कक्षाएं स्वीकृत नहीं हैं और जिनके पास कंप्यूटिंग डिवाइस हैं, उनके लिए इंटरनेट शुल्क समग्र शिक्षा के तहत जारी किए जा रहे प्रबंधन निगरानी मूल्यांकन और अनुसंधान (एमएमईआर) निधि से पूरा किया जा सकता है या किसी अन्य राज्य / संघ राज्य क्षेत्र सरकार की निधि से पूरा किया जा सकता है।

****

अनुलग्नक

"डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत विद्यालयों में इंटरनेट सुविधाएं" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री एस. निरंजन रेड्डी द्वारा दिनांक 11.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1785 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

इंटरनेट कनेक्शन वाले सरकारी स्कूलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	**सरकारी प्रबंधन**	
	कुल स्कूल	**इंटरनेट कनेक्शन वाले स्कूल**
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	342	133
आंध्र प्रदेश	45137	20313
अरुणाचल प्रदेश	2985	458
असम	45490	4680
बिहार	75558	4421
चंडीगढ़	123	123
छत्तीसगढ	48743	16469
दमन और दीव - दादरा और नगर हवेली	388	194
दिल्ली	2762	2762
गोवा	814	299
गुजरात	34699	32681
हरियाणा	14562	4345
हिमाचल प्रदेश	15380	4175
जम्मू एवं कश्मीर	23173	5169
झारखंड	35840	12052
कर्नाटक	49679	5308
केरल	5010	4738
लद्दाख	838	342
लक्षद्वीप	38	37
मध्य प्रदेश	92695	16469
महाराष्ट्र	65639	18540
मणिपुर	2889	340
मेघालय	7783	1111
मिजोरम	2563	153
नागालैंड	1960	850
ओडिशा	49072	3970
पुदुचेरी	422	422
पंजाब	19259	9013
राजस्थान	68948	36889
सिक्किम	864	231
तमिलनाडु	37636	9292
तेलंगाना	30023	2772
त्रिपुरा	4262	682
उत्तर प्रदेश	137024	12074
उत्तराखंड	16484	2575
पश्चिम बंगाल	83302	12918
भारत	**1022386**	**247000**
स्त्रोत : यूडाइज़+ 2021-22		

******